विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर

---

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 17(क) | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्ष-2005 में वाणिज्य विभाग के अप्लाइड इकोनॉमिक्स विषय में सहायक प्रोफेसर के पद पर किस दिनांक को विज्ञापन प्रकाशित हुआ एवं उक्त विज्ञापन के क्रम में कितने अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया? | लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य का पद विज्ञापन संख्या 05/2006 दिनांक 28.03.2006 विज्ञापित किया गया था, जिसमें 44 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। |
| (ख) | उक्त पद पर नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर हुई अथवा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर? | तत्समय उक्त पद पर चयन प्रक्रिया लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में अंकित प्राविधानों के अनुसार साक्षात्कार के माध्यम से की गयी थी। |
| (ग) | उक्त विज्ञापन के क्रम में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों का सत्यापन कब-कब एवं किस संस्था/विभाग द्वारा कराया गया? | उक्त विज्ञापन के क्रम में "इन आर्डर ऑफ प्रेफेरेंस" निम्नलिखित दो अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति द्वारा किया गया:-<br>1. डॉ० कविता चतुर्वेदी<br>2. डॉ० आलोक कुमार पाण्डेय<br>मा० कार्य परिषद की बैठक दिनांक 19.10.2006 के बिन्दु संख्या 09 पर अनुमोदनोपरान्त लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 29210-15 दिनांक 19.10.2006 द्वारा डॉ० कविता चतुर्वेदी को नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया।<br>तत्समय लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक पद पर चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं कराया गया था। |
| (घ) | क्या शैक्षणिक अभिलेखों की | डॉ० कविता चतुर्वेदी के शैक्षणिक अभिलेख |

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| | छायाप्रतियाँ सदन की मेज पर रखेंगे? | निम्नवत् है:- |

| क्रमांक | परीक्षा बोर्ड | परीक्षा | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | आई०एस०सी०ई० | हाई स्कूल | 1994 |
| 2 | माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० | इण्टरमीडिएट | 1996 |
| 3 | लखनऊ विश्वविद्यालय | बी०काम० | 1999 |
| 4 | लखनऊ विश्वविद्यालय | एम० काम० | 2001 |
| 5 | लखनऊ विश्वविद्यालय | पी-एचडी0 व्यवहारिक अर्थशास्त्र | 10.08.2006 |

(ड़) उक्त नियुक्तियों हेतु गठित साक्षात्कार बोर्ड के सदस्यगणों का विवरण एवं चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में दिए गए अंकों का विवरण क्या है?

उक्त नियुक्तियों हेतु गठित साक्षात्कार बोर्ड के सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है:-

1. प्रो0 आर0पी0 सिंह कुलपति, (अध्यक्ष)
2. प्रो0 डी0 राजसेनन कोचीन विश्वविद्यालय साइंस एवं टेक्नोलाजी, कोच्चि
3. प्रो0 सी0एस0 मूर्ति, आंध्र विश्वविद्यालय विशाखापट्टनम
4. प्रो0 आर0एस0 यादव प्रमुख, एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय
5. प्रो. आर.बी.एस. वर्मा, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय (ओबीसी प्रतिनिधि)
6. प्रो काली चरण स्नेही, हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय (एससी प्रतिनिधि)
7. श्री ए.के. डेमले, रजिस्ट्रार-सचिव

साक्षात्कार में अंक प्रदान किये जाने की व्यवस्था राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के आदेश संख्या ई-3019/32-जी०एस०/2020 दिनांक 18 मार्च, 2021 द्वारा लागू की गयी है। पूर्व में साक्षात्कार में अंक दिये जाने की व्यवस्था तत्समय प्रभावी परिनियमावली में नहीं थी।

**योगेन्द्र उपाध्याय**
**मंत्री**